कार्यालय - प्राचार्य, शासकीय रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय छुरिया
जिला - राजनांदगांव (छ.ग.)
Website - chhuriacollege.com Email chhuriacollege@gmail.com Phone&Fax – 07745 – 299273
Accredited by NAAC with Grade "B"

विभागीय कार्यक्रम – वनस्पति शास्त्र विभाग
सत्र – 2022–23

| क्र. | दिनांक | कार्यक्रम का नाम | सम्मिलित छात्र –छात्राओं की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | 16/09/2022 | ओजोन दिवस का आयोजन | 47 |
| 2 | 28/02/2023 | राष्ट्रीय विज्ञान दिवस | 45 |
| | | कुल संख्या | 92 |

विभागाध्यक्ष

प्राचार्य
प्राचार्य
शास. रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय
छुरिया
जिला –राजनांदगांव (छ.ग.)

कार्यालय - प्राचार्य, शासकीय रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय छुरिया
जिला - राजनांदगांव (छ.ग.)
Website - chhuriacollege.com Email chhuriacollege@gmail.com Phone&Fax – 07745 – 299273
Accredited by NAAC with Grade "B"

दिनांक 16.09.2022

## ओजोन दिवस कार्यक्रम का आयोजन

आज दिनांक 16.09.2022 को शासकीय रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय छुरिया में प्राचार्य डॉ. सुषमा चौरे (नेताम) के मार्गदर्शन एवं IQAC प्रभारी श्री विनय चौरे के दिशानिर्देशन में विज्ञान विभाग के तत्वाधान में "ओजोन दिवस" कार्यक्रम महाविद्यालय के सभा कक्ष में रखा गया। ओजोन दिवस का यह कार्यक्रम मुख्य रूप से संस्था की प्राचार्य डॉ. सुषमा चौरे (नेताम) द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्राथना के साथ प्रारंभ किया गया।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. सुषमा चौरे (नेताम) ने अपने उदबोधन में कहा कि प्रतिवर्ष 16 सितम्बर को विश्व ओजोन दिवस सम्पूर्ण विश्व में मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने की शुरुवात सन् 1995 में लोगों में जागरूकता लाने के लिए 16 सितम्बर को विश्व ओजोन दिवस के रूप में मनाने का प्रस्ताव पारित किया। ओजोन परत वायुमण्डल के समताप मण्डल में पाये जाने वाली $O_3$ गैस की परत है जो सूर्य से पृथ्वी पर आने वाली पराबैगनी किरणों को अवशोषित कर पृथ्वी पर जीवन की रक्षा करती है, परन्तु वर्तमान समय में मानव के अनैतिक कियाकलापों के द्वारा ओजोन परत प्रभावित हो रही है। आज इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य ओजोन परत के संरक्षण हेतु जागरूकता लाना है।




कार्यक्रम का मंच संचालन महाविद्यालय के भूगोल विभागाध्यक्ष श्री नरेन्द्र कुमार उमरिया द्वारा किया गया।

उदबोधन की अगली कड़ी में IQAC प्रभारी श्री विनय चौरे ने कहा सुर्य से पृथ्वी पर आने वाली किरणे ओजोन परत से छनकर पृथ्वी पर आती है। ओजोन परत वर्तमान में पतली होती जा रही है इसका मुख्य कारण वातानुकूलित उपकरणों, वाहनो आदि से जो गैस C.F.C. कार्बन निकलती है वह वायुमण्डल में पहुंचकर आजोन परत को प्रभावित कर रही है, जिससे ओजोन परत पतली हो रही है। पराबैगनी किरणे पृथ्वी पर पहुंचती है, तो कई प्रकार की बिमारियों का खतरा है। जैसे– कैंसर, मोतियाबिंद, शरीर में रोगों से लड़ने की क्षमता कम होना। इसलिए हम सभी को मिलकर ओजोन संरक्षण हेतु प्रयास करने की आवश्यकता है।

उदबोधन की अगली कड़ी में सहायक प्राध्यापक सुश्री दीपिका ध्रुवे ने कहा कि ओजोन परत के बिना पृथ्वी में जीवन सम्भव नहीं है पृथ्वी पर जीवन सभी जीवजन्तु, पेंड़–पौधों को सुरक्षित रखने हम सभी को मिलकर ओजोन परत संरक्षण हेतु जागरूकता लाना एवं इस दिशा में प्रयास करना है।

इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. राजेन्द्र शर्मा और डॉ. एच.एस.भाटिया एवं समस्त सहायक प्राध्यापक गण श्री उष्यंत कुमार चनाप, सुश्री प्रीतिबाला ठाकुर, एवं सभी अतिथि व्याख्याता, श्री चैतराम यादव, श्री गन्नू राम साहु, ~~श्री गौरव तिवारी~~, श्री गैंदलाल सोनकर, सुश्री इंदिरा इन्दु एवं अधिक संख्या में छात्र–छात्राएं उपस्थित रहें।

डॉ. सुषमा चौरे (नेताम)
प्राचार्य
शास. रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्या
छुरिया
राजनांदगांव (छ.ग.)

# वनस्पतिशास्त्र द्वारा "राष्ट्रीय विज्ञान दिवस" का आयोजन

आज दिनांक 28.02.2023 को शासकीय रानीसूर्यमुखी देवी महाविद्यालय, छुरिया जिला राजनांदगांव में प्राचा डॉ. सुषमा चौरे (नेताम), के दिशानिर्देशन एवं IQAC के प्रभारी श्री विनय चौरे के मार्गदर्शन में विज्ञान विभाग के सामूहि तत्वावधान में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन किया गया।

कार्यकम का शुभारंभ संस्था शिरोमणी, प्राचार्य डॉ. सुषमा चौरे (नेताम) के स्वागत के द्वारा हुआ। राष्ट्रीय विज्ञा दिवस के अवसर पर संस्था प्रमुख डॉ. सुषमा चौरे (नेताम), द्वारा शुभकामनाएँ देते हुए कहा की आज के ही दि 28 फरवरी 1928 को "सी.वी.रमन" द्वारा खोज को "रमन इफेक्ट" कहा गया है। जिसके लिये उन्हे 1930 में नोबल पुरस्का से सम्मानित किया गया, जो की पूरे भारत में विज्ञान के क्षेत्र में बहुत बड़ी उपलब्धि थी, हर साल की तरह इस साल व थीम "वैश्विक भलाई के लिए वैश्विक विज्ञान है।" विज्ञान के द्वारा ही हम समाज के लोगो का जीवन स्तर अधिक अधिक खुशहाल बना सकते है। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस विज्ञान से होने वाले लाभो के प्रति समाज में जागरुकता लाने औ वैज्ञानिक सोच पैदा करने के उद्देश्य से मनाया जाता है।



राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर भाषण प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता और पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विज्ञान विभाग के छात्र–छात्राओं ने सभी प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपना उत्कृष्ठ प्रदर्शन किया। पोष्टर प्रतियोगिता में कुमारी निलम निषाद बी.एस.सी. तृतीय वर्ष ने प्रथम व त्रिवेणी चंद्रवंशी बी.एस.सी. प्रथम वर्ष ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, निबंध प्रतियोगिता में वीणा साहू बी.एस.सी. तृतीय वर्ष ने प्रथम व हसीना साहू बी.एस.सी. तृतीय वर्ष ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार भाषण प्रतियोगिता में रुपेश कुमार बी.एस.सी. द्वितीय वर्ष ने प्रथम व अंजली यादव बी.एस.सी. द्वितीय वर्ष ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया तत्पश्चात प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त विजेताओं को प्राचार्य डॉ. सुषमा चौरे (नेताम) के द्वारा मेडल व प्रमाण पत्र देक पुरस्कृत किया गया तथा सभी प्रतिभागियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

कार्यकम का सफल संचालन भौतिक शास्त्र के अतिथि व्याख्याता श्री गैंदलाल सोनकर, द्वारा किया तथा इ कार्यकम में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक श्री उष्यंत कुमार, सुश्री प्रीतिबाला ठाकुर, दीपिका धुर्वे, व सभी अति व्याख्याता एवं अधिक से अधिक संख्या में छात्र–छात्राए उपस्थित थे जिनका दीपिका धुर्वे, सहायक प्राध्याप वनस्पतिशास्त्र के द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

डॉ. सुषमा चौरे (नेताम)
प्राचार्य
प्राचार्य
शास. रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्याल
छुरिया
राजनांदगांव (छ.ग.)